>

Title: Need to provide stoppage of important trains at railway stations under Wardha parliamentary constituency, Maharashtra.

श्री दत्ता मेघे (वर्धा): मैं सरकार का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहता हूँ कि मैं गत तीन वर्ष से लगातार विदर्भ तथा मेरे संसदीय क्षेत्र वर्धा (महाराष्ट्र) में कुछ गाड़ियों के स्टॉपेज की मांगे आरणीय रेल मंत्री जी के सामने रखता आया हूं, किंतु मेरी एक भी मांग अभी तक पूरी नहीं हुई है ।

मेरे चुनाव क्षेत्र में कई बड़े टाउन है यथा वर्धा, हिंगनघाट, चांदुर (रेलवे) पुलगाव और धामनगांव जहां से पूर्व पश्चिम और दक्षिण-उत्तर जाने वाली सभी रेलगाड़ियां गुजरती हैं। लेकिन प्रमुख रेलगाड़ियों को इन शहरों में स्टॉपेज नहीं होने के कारण यहां के रेल प्रवासियों को असुविधा हो रही है । रेलगाड़ियां होने के बावजूद प्रवासियों को उनका कोई उपयोग नहीं है । इसलिये मंत्री महोदय से मेरा निवेदन है कि हिंगणघाट शहर के लिये जयपुर एक्सप्रेस, मद्रास-जोधापुर एक्सप्रेस और सिकंदराबाद-बीकानेर एक्सप्रेस गाड़ियों के स्टापेज दें क्योंकि यहां से वर्धा और नागपुर जाने वाले व्यापारी, छात्र और नौकरी करने वाले स्त्री पुरूष बड़ी संख्या में आना-जाना करते हैं । नई गाड़ी नागपुर-सिकंदराबाद शुरू हुई है । इस नई ट्रेन के छोटे-छोटे स्टेशन पर स्टॉपेज है लेकिन दो लाख की आबादी वाले हिंगणघाट शहर में स्टॉपेज नहीं है । मेरा निवेदन है कि हिंगणघाट शहर को नागपुर-सिकंदराबाद का स्टॉपेज जल्द से जल्द देना चाहिये ।

चांदूर रेलवे और धामणगांव के रेल यात्रियों की बहुत पुरानी मांग है कि निजामुद्दीन-गोंडवाना एक्सप्रेस, अमरावती-नागपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस तथा जबलपुर एक्सप्रेस आदि गाड़ियों के स्टॉपेज उन्हें मिले।

सिंदी रेलवे एक बड़ा रेल स्टेशन है । नागपुर-अमरावती इंटरसिटी एक्सप्रेस और अमरावती-नागपुर गाड़ियों का सिंदी रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज नहीं है । यहाँ से प्रतिदिन सैंकड़ों लोग और छात्र-छात्रायें वर्धा और नागपुर आना-जाना करते हैं । अगर रेल मंत्रालय उपर निर्देशित स्टॉपेज देता है तो भारतीय रेल को लाखों रूपये की आमदनी भी होगी और यात्रियों को सुविधा भी होगी । इसी तरह मोर्शी और वरूड के लोगों की मांग है कि हफ्ते में एक दिन चलने वाली इंदौर-यशवंतपुरम ट्रेन का स्टॉपेज उन्हें मिले ।

मैंने स्वयं यह बात सभागृह में दो बार रखी है लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है । आशा है आप मेरी इन मांगों को शीघ्रता से पूरा करने के लिए निर्देश देंगी ।